
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 22.01.2024 से 28.01.2024)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर करनाल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 22.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने अयोध्या में आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण **करनाल में आयोजित भव्य कार्यक्रम श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर से लाइव देखा।** यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम देखकर मन भाव विभोर हो गया है। इस प्रसन्नता में न केवल पूरे देश बल्कि विश्व के करोड़ों लोग शामिल हैं। आज एक नए युग का शुभारम्भ हुआ है। यह हर्ष और खुशी का दिन है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत में रामभजन की पंक्तियां भी गुनगुनाई। उन्होंने श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर करनाल जिला की तीन गौशालाओं को अनुदान के चौक वितरित किए। उन्होंने अखाड़ा बाबा साहिब गिरी गऊ चिकित्सालय को 2 लाख 10 हजार रुपये, श्री कृष्ण कृपा गऊशाला को 6 लाख 72 हजार रुपये तथा श्री राधाकृष्ण गौशाला को 9 लाख 3 हजार रुपये की अनुदान राशि के चौक दिए।





# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पराक्रम दिवस पर आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती

(दिनांक 23.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर जिला रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नेताजी को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित** करते हुए कहा कि नेता जी सामान्य नाम नहीं, बल्कि देश की आजादी की पूरी कहानी है, इसलिए युवाओं को नेताजी के जीवन से देश सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। **आंदोलन शुरू करना आसान नहीं होता, लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और उन्होंने 50,000 लोगों की फौज बना डाली।** ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज के हरियाणा क्षेत्र से भी उस समय हजारों युवक आजाद हिंद फौज में भर्ती हुए थे। इसी प्रकार, दूसरी और नरम दल यानि महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में देश में असहयोग आन्दोलन की शुरुआत हुई और अंग्रेजों की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

सरकार के खिलाफ़ आजादी का बिगुल बजा। आजाद हिंद फौज का गठन सन् 1942 में हुआ था और आज लगभग 80 वर्षों से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद हरियाणा में आज़ाद हिंद फ़ौज के 3 सिपाही जीवित हैं।

जिला उपायुक्त को यह निर्देश दिए गए थे कि आजाद हिंद फौज के जो सिपाही जीवित हैं तो उन्हें सम्मानित किया जाए, यही हमारी ओर से नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इन **स्वतंत्रता सेनानियों को हम युवा पीढ़ी के लिए नेताजी की निशानी के रूप में मान सकते** हैं और युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। नेताजी केवल व्यक्ति या नेता नहीं थे, बल्कि वे पराक्रम की प्रतिमूर्ति थे। हरियाणा देश की आबादी का मात्र 2 प्रतिशत है, लेकिन देश की सेनाओं में हरियाणा के जवानों की संख्या 10–11 प्रतिशत है, यह दिखाता है हमारे युवाओं में आज भी देश सेवा का जज्बा है।

**आज देश आजाद है और देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को परिश्रम, निष्ठा और इमानदारी के साथ कार्य करना होगा।** युवा हुनरमंद बनें, इसके लिए कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया है। देश के संसाधनों पर गरीब व्यक्तियों का भी पूरा हक है। प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग को साथ लेकर विकास व कल्याण के कार्य किए जा रहे है।

**22 जनवरी, 2024 का दिन भी देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन बन गया है। कल सारा देश राममय हो गया। हर किसी के मन में राम, तन में राम बसे थे।**

किसी भी सरकार का मतलब आधारभूत ढांचा यानि गलियां, सड़कें, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल इत्यादि बनवाना ही नहीं होता, बल्कि समाज निर्माण का कार्य भी सरकार का एक दायित्व होता है। लेकिन पहले की सरकारों ने ऐसा कभी नहीं सोचा। वे माननीय प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं, जिन्होंने अपनी कार्यपद्धति से व्यवस्था परिवर्तन कर समाज को जागृत करने की दिशा में काम किया है।

# 60 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन

(दिनांक 24.01.2024)



प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **जिला फतेहाबाद में टोहाना विधानसभा क्षेत्र के डुल्ट गांव में वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में 60 अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन** करने उपरांत जनता को संबोधित कर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के तालाबों की कायाकल्प करने के लिए **वर्ष 2022 में अमृत सरोवर मिशन की शुरुआत की थी।**

इस मिशन के तहत हरियाणा में 1 मई, 2002 से हर जिले में 75 तालाब के अनुसार कुल 1650 तालाबों का जीर्णोद्धार कर अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

राज्य सरकार व स्थानीय स्तर पर किए गए प्रयासों के फलस्वरूप **हरियाणा 2078 अमृत सरोवर बनाने में सफल रहा है।** उन्होंने कहा कि आगामी 1 माह में 200 और अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों का आह्वान किया कि पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। पानी बेशकीमती है, इसलिए उपलब्ध पानी का उपयोग कर उसे पुनः उपयोग करने की आदत बनायें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में तालाबों के कायाकल्प के उद्देश्य से हमने हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है और प्राधिकरण को प्रदेश में उपलब्ध तालाबों का सर्वे करने के निर्देश दिए थे। **सर्वे के अनुसार प्रदेश में 19,649 तालाब पाए गए, जिनमें**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 18 हजार तालाब तथा शहरों में 900 तालाब शामिल हैं।** इन तालाबों में लगभग 11,000 प्रदूषित तालाब हैं, इनके कायाकल्प के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल प्रदूषण बोर्ड ने प्रदेश में प्रदूषित जल को संशोधित करने, जल संरक्षण, जल प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है और अन्य राज्यों के लिए हरियाणा को मॉडल बताया है।

उन्होंने **किसानों से अपील की कि जल संरक्षण व जलभराव की समस्या से बचने के लिए धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करें।** इसके लिए सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना चलाई है, जिसके तहत धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। **अब तक 1,74,000 एकड़ जमीन पर किसानों ने धान लगाना छोड़ दिया है।** उन्होंने कहा कि भूजल रिचार्जिंग पर फोकस करते हुए प्रदेश में 1000 रिचार्ज–वेल बनाये जा चुके हैं। अगले वर्ष के लिए भी 1000 रिचार्ज–वेल बनाने का लक्ष्य रखा है। इन वेल के बनने से हर वर्ष लगभग 8000 एकड़ अतिरिक्त जमीन पर सिंचाई संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि **हरियाणा में कुल 95 लाख एकड़ जमीन कृषि योग्य है, इसमें से 45 लाख एकड़ में नहरी पानी से सिंचाई हो पाती है।**

शेष भूमि पर बरसात के पानी से या ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई होती है। उन्होंने कहा कि पानी को शुद्ध करने के लिए **प्रदेश में 200 ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं, जिनसे 700 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो रहा है।** इस पानी का उपयोग बागवानी, सिंचाई,पावर प्लांटों व उद्योगों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में बरसात व भूजल स्तर की स्थिति का पता लगाने के लिए जल प्रवाह मीटर, मैनुअल वर्षा माप यंत्र तथा पीजोमीटर का उपयोग करें। उन्होंने आह्वान किया कि पानी अमूल्य है, इसलिए इसे व्यर्थ नष्ट न करें और रि–साइकल व रि–यूज करें।

# राज्य स्तरीय समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 153 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

(दिनांक 24.01.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी जिला **हिसार के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2024 करोड़ रुपये की 153 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।** इन परियोजनाओं में 686 करोड़ रुपये की लागत की 76 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 1338 करोड़ रुपये की लागत की 77 परियाजनाओं का शिलान्यास शामिल है। **उन्होंने लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन और पशु नस्ल सुधार के लिए**



# साप्ताहिक सूचना पत्र




**एम्ब्रायो ट्रांसप्लांट लैब का भी उद्घाटन किया।** समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन हरियाणा की प्रगति के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। इसके अलावा **माननीय मुख्यमंत्री जी ने सांकेतिक रूप से 784 करोड़ रुपये की लागत की 10 बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।** शेष परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास अन्य जिलों में केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों व विधायकों द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था इनफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर होती है और हमारी सरकार लगातार **प्रदेश में इनफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है, इसलिए हमारी अर्थव्यवस्था अच्छी है।** उन्होंने कहा कि इससे पहले भी डिजिटल माध्यम से अब तक 7 बार पूरे प्रदेश में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है, जिससे **लगभग साढ़े 15 हजार करोड़ रुपये की लागत की 1459 परियोजनाएं जनता को समर्पित की गई।**

आज यह आठवां कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भौतिक विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक और सामाजिक विकास पर भी बहुत ध्यान दे

रही है। उन्होंने कहा कि **राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस के नाते हम बहुत आगे बढ़ रहे हैं और हरियाणा आज निवेश के मामले में पसंदीदा स्थान बन गया है।** पिछले साढ़े 9 साल में 30 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। इसके अलावा, लोगों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए बैंकों से ऋण भी उपलब्ध करवाया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष **2014 में हमने हरियाणा एक–हरियाणवी एक के नाते से एक समान विकास सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।** किसी विशेष जिले या इलाके की बजाय हर क्षेत्र में विकास के कार्य करवाए। हर क्षेत्र में उनकी मांग तथा मैपिंग के आधार पर आवश्यकतानुसार कार्य करवाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया है और इस प्रकार कुल 70 नये कॉलेज खोले गए हैं। इतना ही नहीं, **अब राज्य सरकार खेल सुविधाओं की मैपिंग करवाकर आवश्यकतानुसार तथा खेल रुचियों के आधार पर खेल सुविधाएं विकसित करेगी।** उन्होंने



# साप्ताहिक सूचना पत्र

कहा कि हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के अनेक काम किए हैं। भर्तियों व ट्रांसफर के सिस्टम में बड़ा बदलाव करके पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को खत्म किया है। सरकार ने ऐसी व्यवस्थाएं की हैं कि आज योजनाओं व सुविधाओं का लाभ लोगों को उनके घर द्वार पर मिल रहा हैं।

पिछले साढ़े 9 वर्षों में राज्य में 33,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार और लगभग 7000 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है। आज प्रदेश का हर जिला नेशनल हाईवे से जुड़ गया है। इसके अलावा हरियाणा का अपना ऐयरपोर्ट हिसार में बन रहा है। इसके आसपास अब उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ी मांग आने लगी है। उन्होंने कहा कि 72 किलोमीटर लंबा ईस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर तथा 506 किलोमीटर लंबा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर हरियाणा से होकर गुजरेगा, जिसका हरियाणा को बहुत बड़ा लाभ मिलने वाला है। इतना ही नहीं, **केएमपी के साथ–साथ हरियाणा ऑर्बिटल रेल**



**कॉरिडोर भी बन रहा है** और दिल्ली के सरायं काले खां से करनाल तक आरआरटीएस रेल लाइन भी स्थापित की जा रही है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से इस क्षेत्र की जनता को बहुत लाभ होगा। इसके अतिरिक्त सोनीपत में 161 एकड़ में स्थापित रेल कोच फैक्टरी में अब मेट्रो रेल के नये डिब्बे भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि **प्रदेश में नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और जिला सड़कों पर जहां कहीं आरओबी–आरयूबी नहीं है, वहां जल्द ही आरओबी–आरयूबी बनाए जाएंगे।** इसके लिए रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है।

# एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी बैठक की अध्यक्षता

(दिनांक 25.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में यहां हुई **हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 112 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई।** इस स्मारक से युवा पीढ़ी को न केवल **आजादी की पहली लड़ाई के बारे में जानकारी मिलेगी बल्कि वे ज्ञात–अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और हरियाणा के वीरों के योगदान की कहानियों से भी अवगत होंगे।** इसके अलावा, **उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यू पीसी) की बैठक में कुल 1500 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रेक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई।** बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 112 करोड़ रुपये की बचत की गई है। उल्लेखनीय है कि सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति



# साप्ताहिक सूचना पत्र

विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे **आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक में ही साढ़े 21 करोड़ रुपये की बचत की गई। बैठक में कुल 28 एजेंडे रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।** डबवाली से कालांवाली वाया देसू जोधा, हिसार–तोशाम, महेंद्रगढ़ जिले में नारनौल–नांगल चौधरी रोड, **हांसी–सिसाय–लोहारी राघो–हैबतपुर–खेड़ी–जालब रोड,** कालांवाली से डबवाली तथा **करनाल–काछवा–कौल** सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्यो को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसी प्रकार, **रेवाड़ी–महेंद्रगढ़ 2–लेन सड़क, रोहतक–खरखौदा दिल्ली सीमा तक, झज्जर–कोसली सड़क, महम से कलानौर–बेरी तक सड़कों के सुधारीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्यों को मंजूरी दी गई।** इसके अलावा, आईएमटी, खरखौदा, जिला सोनीपत में सड़क नेटवर्क, जल आपूर्ति प्रणाली, अपशिष्ट जल संग्रहण प्रणाली, उपचारित अपशिष्ट जल की पुनः परिसंचरण प्रणाली इत्यादि बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु भी कार्य आवंटित किया गया है। मुंदड़ी, जिला कैथल में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक ब्लॉक के निर्माण हेतु तथा लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से पुलिस विभाग के लिए गाड़ियों की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण

(दिनांक 26.01.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने शुक्रवार को **जिला करनाल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया।** ध्वजारोहण से पहले, माननीय **मुख्यमंत्री जी ने वीर शहीदी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।** उन्होंने हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस टुकड़ी, होमगार्ड तथा स्काउट्स इत्यादि की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर **उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 1 फरवरी, 2024 से 11 शहरों में प्लॉट के आवंटन हेतु पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें 30 वर्ग गज का प्लॉट दिया जाएगा।** आवेदनकर्ता मामूली राशि जमा करवा कर इसमें भागीदारी कर



# साप्ताहिक सूचना पत्र

सकेंगे। ऐसे लोगों को बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा और केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा, ताकि वे लोग अपना मकान बना सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों व जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए यह योजना शुरू की गई थी और सरकार ने विज्ञापन के माध्यम से प्लॉट या फ्लैट के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इस योजना के तहत अभी तक एक लाख लोगों ने आवेदन किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने **अन्य घोषणा करते हुए कहा कि करनाल में स्थित डॉ मंगलसेन ऑडिटोरियम में डॉ मंगलसेन की मूर्ति तथा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में कल्पना चावला की मूर्ति स्थापित की जाएगी।** माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा करते हुए कहा कि **गरीबों, किसानों को सस्ती दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश की 25 मंडियों में अटल कैंटीन चलाई जा रही हैं,** जो 5 महीने के लिए संचालित की जाती हैं। अब 1 फरवरी, 2024 से 15 और मंडियों में अटल कैंटीन खोली जाएंगी और सभी 40 मंडियों में यह कैंटीन अब 5 माह की बजाय सालभर चला करेंगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा करते हुए कहा कि लोगों की मांग आ रही थी कि बिजली के बिल दो महीने की बजाय हर माह आने चाहिएं। **इसके लिए अब पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 1 फरवरी से 4 जिलों नामतः हिसार, महेंद्रगढ, करनाल और पंचकूला में मासिक बिल आयेंगे।** शुरुआत में मीटर रीडिंग लेने के लिए निगम की ओर से कर्मी जाएंगे। उसके बाद उपभोक्ता स्वयं मोबाइल ऐपलिकेशन के माध्यम से मीटर की रिडिंग भेजा करेंगे। इससे व्यवस्था में और सुधार आएगा और लोगों को लाभ मिलेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने देश की आजादी में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों तथा सन् 1962, 1965, 1971 युद्ध और कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



उन्होंने कहा कि **आजादी के बाद प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, अन्नदाता किसान, मेहनतकश कामगार और देश की जनता ने मिलकर इस देश को दुनिया की एक बहुत बड़ी शक्ति बनाया।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1950 में संविधान लागू तो हुआ, लेकिन वर्षों तक इस गणतंत्र का आभास जनता को हो नहीं पाया। यह जनता का शासन है, जनता के द्वारा है और जनता के लिए है, ये सब बातें सिर्फ कही गई, लेकिन देश की आजादी के बाद लगभग 60 साल तक भी लोगों को गणतंत्र का लाभ नहीं हुआ। बल्कि एक ही परिवार ने देश की शासन व्यवस्था को चलाया। वर्ष 1975–1977 के बीच जब आपातकाल लगा और उस दौरान हुए अत्याचारों ने देश की जनता को जागरूक किया और पहली बार जनता ने जब शासन व्यवस्था बदली, तब इस गणतंत्र का लोगों को आभास हुआ।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने के लिए**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**अनेक कदम उठाए हैं।** कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के लिए धारा–370 और 35–ए को समाप्त किया। सर्जिकल स्ट्राइक की, तीन तलाक का काला कानून समाप्त, नागरिकता संशोधन कानून को लागू किया गया।

उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विकासशील देशों की श्रेणी में आता है। **भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 से 25 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई।** देश के सभी गांवों, शहरों के सभी वार्डों में यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी की गाड़ी के माध्यम से लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि **आज भारत दुनिया की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यस्था बन गया है और अभी 2024 में आ रहे कुछ आंकड़ों के अनुसार भारत जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने जा रहा है।** इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करता हूं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की प्रगति में हरियाणा भी अपना योगदान अदा कर रहा है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाएं बनाई हैं तथा व्यवस्था परिवर्तन के कार्य किए हैं और आज देश के अन्य प्रांत हमारी योजनाओं का अनुसरण कर रहे हैं।ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस में हरियाणा टॉप अचीवर्स में पहुँच गया है। एमएसएमई के मामले में हरियाणा का देश में तीसरा, खाद्य भंडार में देश में दूसरा स्थान है। पढ़ी–लिखी पंचायत वाला हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है। खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये की राशि दी जाती है। देश में सर्वाधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन 3000 रुपये की राशि देने वाला हरियाणा एकमात्र राज्य है। हरियाणा की 2,96,685 रुपये प्रति व्यक्ति आय है, जो

# साप्ताहिक सूचना पत्र

देश के बड़े राज्यों में सर्वाधिक है। देश की जीडीपी में हरियाणा का 4 प्रतिशत का योगदान है। इन्वेस्टमेंट से लेकर इन्नोवेशन तक हर क्षेत्र में हरियाणा आगे बढ़ रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **राज्य सरकार ने हर 20 किलोमीटर पर एक कॉलेज स्थापित किया है और डिजिटल शिक्षा की ओर बढ़ते हुए सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को 5 लाख मुफ्त टेबलेट दिए हैं।** इसी प्रकार, सामान्य स्कूलों को संस्कृति मॉडल स्कूल में बदला है और अभी प्रदेश में 500 संस्कृति मॉडल स्कूल चल रहे हैं और हर वर्ष इन स्कूलों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रदेश में 6 मेडिकल कॉलेज थे। **हमारी सरकार ने हर जिला में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की और अब तक कुल 15 मेडिकल कॉलेज हो चुके हैं। 11 मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन स्तर पर हैं या जमीनें ली जा चुकी हैं।** इस प्रकार सभी कॉलेज बनने से प्रदेश में मेडिकल




कॉलेजों की संख्या 26 हो जाएगी, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2014 में 750 एमबीबीएस सीटों की संख्या के विरूद्ध यह संख्या 3500 हो जाएंगी। इसके अलावा, चिरायु–आयुष्मान योजना के तहत एक  करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। निरोगी हरियाणा के तहत भी लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के नाते से **हरियाणा पुलिस में महिलाओं की संख्या बढ़ाई जा रही है** और अभी 33 महिला थाने चल रहे हैं। साइबर क्राइम

# साप्ताहिक सूचना पत्र



पर नियंत्रण रखने के लिए 29 साइबर थाने स्थापित किए गए हैं। **डायल–112 के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में 7 से 8 मिनट कें अंदर व्यक्ति तक सहायता पहुंच जाती है। इतना ही नहीं, नशा तस्करों के खिलाफ़ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।** 1300 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। **सरकारी नौकरी के नाते से साढ़े 9 वर्षों में 1,10,000 नौकरियां दी जा चुकी हैं और 60,000 ग्रुप सी व डी के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है।** इसके अलावा, निजी क्षेत्रों, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से और विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, किसान मित्र, वन मित्र इत्यादि के लिए अलग से 60 हजार भर्ती मिशन चलाया जा रहा है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गणतंत्र का अर्थ है जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना और जनता को उनके घर द्वारा पर सेवाएं प्रदान करना। **हमने पंचायतों को स्वायतता प्रदान कर और अधिक अधिकार दिए, ई टेंडरिंग व्यवस्था शुरू की, किसानों को**



# साप्ताहिक सूचना पत्र



**मुआवजा और फसल खरीद का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचाया।** कुल मिलाकर हमने दफ्तर, दस्तावेज और दरख्वास्त के चक्करों से जनता को मुक्ति दिलाई है।

उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा की झांकी का चयन हो रहा है, जो हमारे लिए खुशी की बात है। वर्ष 2022 में हमने खिलाड़ियों व खेलों में हरियाणा की पहचान, वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की झांकी कर्तव्य पथ पर दिखाई गई। इस बार भी **आज परिवार पहचान पत्र पर आधारित झांकी को देश व दुनिया के सामने प्रदर्शित किया गया है।** उन्होंने कहा कि 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिससे सारा देश राममय हो गया और रामराज्य की कल्पना की जाने लगी। **हरियाणा में हमने वर्ष 2014 से ही राम राज्य की कल्पना के अनुरूप ही शासन व्यवस्था प्रदान कर जनता को सुविधाएं प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का सिद्धांत है कि प्राण जाए पर वचन न जाए, इसी सिद्धांत पर चलते हुए हमने जो कहा वो सदैव पूरा किया।**

हरियाणा की प्रगति में सभी नागरिक भागीदार बनें और सद्भाव, विकास, समरसता, सहिष्णुता और अपने जीवन को खुशहाल व सुगम, सुरक्षित बनाएं। इस मौक पर बच्चों ने **सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा माननीय मुख्यमंत्री जी ने शहीदों के आश्रितों तथा विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पानीपत शहर में इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ

(दिनांक 28.01.2024)

**प्रभाव :** ऐतिहासिक नगरी पानीपत के साथ आज उस समय एक और सुखद अध्याय जुड़ गया, जब **माननीय मुख्यमंत्री जी ने पानीपत के नए बस स्टैंड सिवाह से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया।** इस पहल का उद्देश्य न सिर्फ प्रदेश के लोगों को सुगम परिवहन सुविधा का लाभ पहुंचाना है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करना है। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने **पानीपत में पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की, ताकि लोग अपनी कार व निजी वाहनों को छोड़ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर सकें।** सिटी बस सेवा का रूट भी शहर के लोगों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।





**पानीपत में फिलहाल तीन इलेक्ट्रिक सिटी बस चालू की गई हैं।** शीघ्र ही पांच अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा। शहर के लगते गांवों में सिटी बस सेवा का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **सिवाह का बस स्टैंड उनके स्वयं के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बस स्टैंड का नींव पत्थर के बाद उद्घाटन भी 18 जुलाई 2023 को उन्होंने ही किया था।** आज यहीं से पानीपत सिटी बस सेवा शुरू की गई है, जिसका शहरवासियों व ग्रामीणों को भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि **पानीपत और जगाधरी में इलेक्ट्रिक सिटी बस के लांच के बाद पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, करनाल, रोहतक और हिसार सहित सात शहरों में सरकार की ओर से जून 2024 तक इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।** कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि प्रदेश के 7 शहरों में **इलेक्ट्रिक बसों के लिए 3–3 एकड़ में 110 करोड़ की लागत से नए बस स्टैंड बनाए जाएंगे,** जिनमें चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सड़क, रेल व हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर पिछले 9 वर्षों में उल्लेखनीय काम हुए हैं। अब हर जिला संपर्क सड़क मार्ग को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ा गया है। फाटक रहित रेल मार्ग पर जोर दिया गया है। इसी के तहत **रोहतक में पांच किलोमीटर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक संचालित किया गया है। कुरुक्षेत्र व कैथल में इस योजना पर काम प्रगति पर है। पिछले 9 वर्षों में 72**



**आरओबी–आरयूबी का निर्माण हुआ है।** पिछले 9 वर्षों में 33 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण व मरम्मत का कार्य किया गया, जिस पर 20 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में हरियाणा रोडवेज में लगभग 3500 चालकों व परिचालकों की नई भर्ती की गई है। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 1500 चालक व परिचालकों की भर्ती की गई है।

**मेट्रो की तर्ज पर दिल्ली के सराय काले खां से पानीपत तक रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होगा, जिसका करनाल तक विस्तार करने का प्रयास किया जाएगा।** इसी प्रकार कुंडली–मानेसर एक्सप्रेस–वे के साथ–साथ हरियाणा ओरबीट रेल सेवा भी आरंभ की जा रही है, जिससे कुंडली से पानीपत तक बढ़ाया जाएगा। **इससे लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। अब हरियाणा का अपना हवाई अड्डा हिसार में होगा। इसे दिल्ली से फास्ट ट्रैक एक्सप्रेस–वे से जोड़ा जाएगा।** इसी तरह से हांसी–रोहतक रेलवे ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। हिसार को दिल्ली से सीधी रेलवे की फास्ट कनेक्टिविटी मिलेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल मॉडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 28.01.2024)




प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने **करनाल के मॉडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।** जनसंवाद के दौरान माननीय **मुख्यमंत्री जी ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कि जिनमें हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोलने, जिनमें 50–50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। करनाल में तीन महीने में सिटी ई–बस सेवा शुरू करने तथा गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार प्लाट देने सम्मलित हैं।** उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने–पीने की व्यवस्था होगी। साधन संपन्न बुजुर्ग भी अगर आश्रमों में रहना चाहें तो, उसके लिए उन्हें राशि का अंशदान करना होगा। उन्होंने कहा कि **करनाल में तीन महीने बाद सिटी ई–बस सेवा शुरू की जाएगी। पानीपत में इसकी शुरुआत आज की गई है। यमुनानगर में यह सेवा**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**सोमवार से आरंभ की जाएगी।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **कोरोना काल खत्म होने के बाद तीसरे साल में प्रदेश सरकार ने विकास को गति देने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसके परिणाम अब मिलने लगे हैं।**

अब घर बैठे लोगों तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। **आयुष्मान के साथ चिरायु हरियाणा योजना को जोड़ा गया है। पहले आयुष्मान योजना के लिए साढ़े 15 लाख लोग पात्र थे, अब इनकी संख्या बढ़कर 34 लाख हो गई है।**

गरीबी की आय सीमा को 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में एक लाख 34 हजार लोगों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया, जबकि 92 हजार मंजूर हो चुके हैं, बाकि जल्द बनाए जाएंगे। **करनाल जिले में 4800 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का**




**लाभ उठाया है।** इनके इलाज पर 16 करोड़ 55 लाख रुपये सरकार ने खर्च किए है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम आदमी की चिंता है। **गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई। गरीबों को मकान की मरम्मत की राशि भी 31 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपये की गई है।** मुख्यमंत्री ने उन 8 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, जिनकी आज पेंशन बनाई गई। मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न वर्गों के लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल के बांसो गेट स्थित संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण

(दिनांक 28.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **करनाल के बांसो गेट स्थित चौक पर संत शिरोमणि श्री 1008 श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण किया** और समाज के लोगों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा **कि हम सब संतों की बात का अनुसरण करके अपने जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और एक अच्छा इंसान बन सकते हैं।** उन्होंने कहा कि समाज में वर्षों से ही संत महापुरूषों का अपना श्रेष्ठ स्थान है। संत महापुरुषों द्वारा हमेशा समाज को नई दिशा दिखाने का कार्य किया गया है, इन्हीं संतों में संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज का नाम भी शामिल है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **संत महापुरुष अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्राचीन काल से ही आमजन को देते आ रहे हैं। असहाय की सहायता करना, महिलाओं की रक्षा करना, ऐसी शिक्षा संत महापुरुष देते आ रहे हैं।** उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि हम सबको निस्वार्थ भावना से बिना फल की इच्छा करते हुए कर्म करते रहना चाहिए, यही पवित्र गीता का संदेश है। महापुरुषों का रास्ता चुनकर ही हम अपने जीवन को सुलभ बना सकते हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **प्रदेश सरकार ने सभी समाजों व सभी धर्मों के संत महापुरुषों को सम्मान देने के लिए संत महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रचार–प्रसार योजना शुरू की है।** इस योजना के माध्यम से ही प्रदेश सरकार सभी संत महापुरुषों की जयंतियां प्रदेश स्तर पर मना रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गरीबों के अधिकारों की सुरक्षा कर रहा परिवार पहचान पत्र

(दिनांक 28.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने **रोहतक में मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा की परिवार पहचान पत्र योजना की पूरे देश में सराहना हो रही है।** उन्होंने कहा कि इस योजना की लोकप्रियता को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस बार 26 जनवरी की झांकी में परिवार पहचान पत्र का निमंत्रण दिया ताकि पूरी दुनिया को गरीबों के उत्थान की योजना की जानकारी मिल सके।

**माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्य राज्यों की सरकारें भी परिवार पहचान पत्र को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।**

परिवार पहचान पत्र को पुअर पीपल प्रोटेक्शन पत्र बताते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **यह योजना गरीबों के अधिकार सुरक्षित करने का काम कर रही है।** उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से पात्र लोगों के परिवारों को घर बैठे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस **योजना के तहत विभिन्न प्रमाण पत्र भी लोगों को आसानी से मिल रहे हैं।** उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में सेवाओं व योजनाओं का लाभ देने के लिए कमीशन एजेंट सक्रिय थे। परिवार पहचान पत्र ने अब इस बुराई को समाप्त कर दिया है।

